पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने आचार्य नरेन्द्र देव को श्रद्धाजंलि अर्पित की

लखनऊ 19 फरवरी, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज आचार्य नरेन्द्र देव की पुण्य तिथि के अवसर पर उनकी समाधि पर जाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन आचार्य नरेन्द्र देव समाजवादी संस्था द्वारा किया गया था।

राज्यपाल ने श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए कहा कि आचार्य नरेन्द्र देव का व्यक्तित्व बहुआयामी था। वे एक पत्रकार, स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद् और उच्च आदर्शों वाले राजनीतिज्ञ थे। वे जहाँ भी रहे अपने जीवन में ऊंचाई प्राप्त की। राज्यपाल ने कहा कि अपने छात्र जीवन में उन्हें आचार्य नरेन्द्र देव के भाषण सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था।

श्री नाईक ने कहा कि आचार्य नरेन्द्र देव की सादगी एवं त्याग उनके व्यवहार से साफ पता चलती थी। उनकी सादगी आज के समय में अपना महत्व रखती है। आचार्य नरेन्द्र देव कुलपति होते हुए अपना आधा वेतन गरीब मेधावी छात्रों को देते थे। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी के लिए यह स्वप्नवत लगेगा कि ऐसे कुलपति भी होते थे जिन्हें अपने विद्यार्थियों से इतना प्यार था।

समाधि स्थल पर भैय्या जी श्री वी0एस0 चौबे, गणमान्य नागरिक सहित स्कूली बच्चें भी उपस्थित थे।

अंजुम/ललित/राजभवन(66/25)